वारदात

थाने में शव रखकर प्रदर्शन, गला दबाने के बाद शव को फांसी में लटका फरार हुआ आरोपी गिरफ्तार

दुष्कर्म का विरोध करने पर हुई थी महिला की हत्या

जबलपुर । घमापुर थाना अंतर्गत शीतलामाई में शुक्रवार शाम हुई महिला की हत्या के विरोध में परिजनों ने निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर पुलिस थाने के बाहर प्रदर्शन किया। परिजन शव लेकर पहुंचे थे। परिजनों ने आरोपी पर कार्रवाई, गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने पहुंचकर आश्वासन दिया जिसके बाद परिजन माने और शव यात्रा अंतिम संस्कार के लिए रवाना हुई ।पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपी को बरेला के पास से दबोच लिया। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई कि आरोपित ने महिला पर शारीरिक संबंध बनाने दबाव बनाया था ।महिला ने विरोध किया था जिससे आक्रोशित होकर उसने महिला की गमच्छे से गला दबाकर हत्या की और मर्डर को आत्महत्या में बदले के इरादे से शव को फांसी के फंदे पर लटकाकर फरार हो गया था ।

जानकारी अनुसार शीतलामाई में अतुल कोरी 24 वर्ष का मां आशा के साथ रहता है जहां बम्बादेवी बल्दीकोरी की दफाई में रहने वाली 38 वर्षीय आरती चौधरी की साफ-सफाई का काम करती थी। शुक्रवार को आशा विवाह समारोह में शामिल होने गई थीं। घर में अतुल अकेला था। इसी दौरान आरती चौधरी (40) घर पहुंची थी ।जिसके अकेला पाकर अतुल ने उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की जब उसने विरोध किया तो उसकी गमच्छे से गला दबाकर हत्या कर दी थी ।शाम पांच बजे अतुल घर से निकला और ताला लगाकर कहीं चला गया। संदिग्ध घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंची। दरवाजा खुलवाया तो वहां महिला का शव फांसी पर लटका मिला था। मामले में आरोप यह भी था कि सूचना देने के 3 घंटे बाद तक एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची थी । पुलिस ने मर्ग कायम कर छानबीन शुरू की तो प्रथम दृष्टया मामला हत्या का लगा। शव को पीएम के लिए भेजा ।जांच पड़ताल शुरू हुई इसके बाद मामला स्पष्ट हुआ। शनिवार को पीएम के बाद परिजन शव को लेकर थाने पहुंचे और प्रदर्शन किया। निष्पक्ष जांच, आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। शाम को पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे बरेला से गिरफ्तार कर लिया गया। रविवार को आरोपित को न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा ।

होटल में हत्याकांड : संदेही तक पहुंची पुलिस

जबलपुर। संजीवनी नगर थाना अंतर्गत धनवंतरी नगर चौराहे पर स्थित होटल रिलैक्स इन के एक कमरे में महिला की हत्या करने वाले संदेही तक पुलिस के हाथ पहुंच गए है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जल्द ही इस हत्याकांड का खुलासा करने की तैयारी में है । विदित हो कि धनवंतरी नगर स्थित रिलेक्स इन होटल में 6 मई की रात्रि 8-45 बजे मुट्ठू बंसल पिता भुल्लू बंसल निवासी भैदल खैडी जिला दमोह का पहुंचा था जो कमरा नम्बर 9 में श्रीमति दुर्गा बाल्मीमिक 40 वर्ष निवासी भेडाघाट के साथ रूका था ।शुक्रवार सुबह 10 बजे जब मैनेजर पंकज झारिया 26 वर्ष निवासी ग्राम बरेला पठार बरगी का रूम चैक कर रहा था तभी कमरा न. 9 चैक का दरवाजा उडका हुआ बंद था धक्का दिया तो दवाजा खुल गया रूम में देखा कि बिस्तर पर महिला मृत पड़ी थी ।जिसकी नाक व सिर माथे से खून निकल रहा था। मुट्ठू गायब था ।सूत्रों के मुताबिक सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर पुलिस के हाथ मुट्ठू तक पहुंच गए है और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है ।

जबलपुर में पर्यटन को लेकर अपार संभावनाएं : कलेक्टर

बोले-होम स्टे का उद्देश्य संस्कृति, परंपरा और आत्मीयता से पर्यटकों को जोड़ना है

जबलपुर। जबलपुर पर्यटन की दृष्टि से बेहद संभावनाशील शहर है। यहां प्राकृतिक, सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटन के अनेक ऐसे केंद्र मौजूद हैं, जहां होम स्टे की अवधारणा को नई पहचान मिल सकती है। होम स्टे केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि मेहमानों के साथ आत्मीय संबंध स्थापित करने का माध्यम है। पर्यटन में व्यवसायिक सोच के अलावा अतिथियों के अनुभव और सुविधा को प्राथमिकता देना आवश्यक है। इससे न केवल पर्यटकों का विश्वास बढ़ेगा, बल्कि जबलपुर और मध्यप्रदेश का पर्यटन ब्रांड भी अधिक मजबूत और समृद्ध होगा। यह बातें कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा होटल कल्चुरी में आयोजित रीजनल होम स्टे समिट के आयोजन में कहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत में बरगी बांध में हुए क्रूज हादसे में मृत व्यक्तियों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि होम स्टे का उद्देश्य केवल महंगे होटलों का विकल्प उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि स्थानीय संस्कृति, परंपरा और आत्मीयता से पर्यटकों को जोड़ना है। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रशिक्षण और व्यवस्थित प्रबंधन के माध्यम से होम स्टे को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

प्रतिभागियों द्वारा 12 स्टॉल भी लगाए गए

कलेक्टर ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण सत्रों को गंभीरता से लेने का आग्रह करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों ने बताया कि मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के निर्देश पर रीजनल होम स्टे समिट की शुरुआत जबलपुर से की गई है और यह प्रदेश का पहला आयोजन है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों द्वारा होम स्टे से संबंधित उत्पादों और सेवाओं के लगभग 12 स्टॉल भी लगाए गए। कलेक्टर सिंह ने स्टॉलों का अवलोकन कर संबंधित उत्पादों की जानकारियां लीं तथा प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के डायरेक्टर डी.बी. सिंह, प्रबंधक गायत्री जोशी, वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मीकांत शर्मा तथा एसआईएचएम के प्राचार्य दविंदर सिंह सहित पर्यटन और होम स्टे क्षेत्र से जुड़े कई लोग उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने की गेहूं खरीदी की समीक्षा

जबलपुर। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने जिला उपार्जन समिति की शनिवार को आयोजित बैठक में किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गये गेहूं के परिवहन और भंडारण में गति लाने के निर्देश दिये हैं। श्री सिंह ने बैठक में उपार्जन केन्द्रवार गेहूं की खरीदी, परिहवन और भंडारण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को अभी तक गोदामों में भंडारित गेहूं के स्वीकृति पत्रक जारी करने की हिदायत भी दी, ताकि किसानों को समय पर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर सिंह ने बैठक में मौजूद अधिकारियों से कहा कि खरीदी केन्द्र परिसर में खुले में रखे उपार्जित गेहूं के परिवहन और भंडारण को प्राथमिकता दें। उन्होंने खरीदी केन्द्रों का नियमित भ्रमण करने निर्देश देते हुए अधिकारियों से कहा कि जहां भी उपार्जन में अनियमितता या लापरवाही पाये जाये उस पर तुरंत कार्यवाही करें। श्री सिंह ने कहा कि खरीदी व्यवस्था का बिचौलियों या व्यापारियों द्वारा अनुचित लाभ उठाने की कोशिशों पर सख्ती से लगाम लगाई जाये और जहां कहीं से भी ऐसी शिकायतें मिले तत्काल एक्शन लें। बैठक में नोडल अधिकारी उपार्जन संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन, प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक सीमा बोरसिया तथा उपार्जन समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

गेहूं खरीदी केंद्रों का लिया जायजा

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने सिहोरा विकासखंड के घाट सिमरिया और गौरहा स्थित गेहूं खरीदी केंद्रों का सघन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गेहूं की गुणवत्ता जांचने के लिए मॉइश्चर माप की प्रक्रिया देखी और तौल कांटों का भौतिक सत्यापन कराया। कलेक्टर श्री सिंह ने केंद्र पर बारदाने की उपलब्धता, भंडारण व्यवस्था और सुरक्षा हेतु लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन करने के साथ ही स्टॉक वेरिफिकेशन के भी निर्देश दिए।

युवती ने लगाई फांसी

जबलपुर। कोतवाली थाना अंतर्गत चेरीताल निवासी युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।मृतिका ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस जांच कर रही है ।पुलिस के मुताबिक रितिक रजक 24 वर्ष निवासी राजीव नगर चेरीताल ने सूचना दी कि वह छोटा फुहारा में पूजन सामग्री की दुकान चलाता है। शाम 7:30 बजे उसकी चाची संगीता रजक काम से घर पर आई तो उन्होंने दरवाजा खोलने के लिये पलक रजक को आवाज लगाकर खटखटाया तो दरवाजा नही खुला जोर जोर से आवाज आने लगी तो वह दौड़कर गया चाची से पूछा क्या हो गया तो बोली मैं पलक को दरवाजा खोलने को आवाज लगा रही हूँ दरवाजा नही खोल रही है दरवाजा नही खुला तो खिडकी से झाक कर देखा तो पलक बल्ली में अपनी चुन्नी से फन्दा बनाकर लटकी दिखी।

आवारा कुत्तों का बधियाकरण अभियान तेज

एक दिन में 36 कुत्तों को रेस्क्यू

नवभारत,जबलपुर। शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उनके काटने की बढ़ती शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम ने अभियान को तेज कर दिया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर कुत्तों के बधियाकरण और एंटी-रेबीज टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अभिनव मिश्रा ने बताया कि शनिवार को शहर के उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया जहाँ से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। नगर निगम की टीम और माँ बगुलामुखी सेवा समिति के डॉग कैचर्स बजरंग नगर, विलैहरी, मंग्लेश्वरी कालोनी, ग्वारीघाट, बिलहरी, बिकनैर स्वीट्स, तिलहरी, तिलहरी, कचनार सिंटी, विजय नगर, यादव कालोनी, चंदन कॉलोनी गंगा नगर, वीर सावरकर वार्ड, स्वामी विवेकानंद वार्ड, हनुमानताल कुत्तों को पकड़ने की कार्यवाही की गयी।

कठौंदा केंद्र भेजे गए श्वान

अभियान के दौरान कुल 36 आवारा कुत्तों को पकड़ा गया। इन सभी कुत्तों को सुरक्षित रूप से जबलपुर के कठौंदा स्थित श्वान बधियाकरण केंद्र ले जाया गया है। यहाँ विशेषज्ञों की निगरानी में इनका बधियाकरण किया जाएगा और रेबीज से बचाव हेतु टीके लगाए जाएंगे।

एक नजर में

एक सप्ताह के अंदर संजीवनी नगर शराब दुकान हटाई जाए

नवभारत,जबलपुर। शिवसेना जबलपुर महानगर प्रमुख मुकेश सराठे एवं जिला प्रमुख शैलू पटेल सुजीत के नेतृत्व में कलेक्टर , जिला शिक्षा अधिकारी, एवं आबकारी आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन में मांग की गई कि संजीवनी नगर स्थित शराब दुकान जो कि स्कूल के 100 मीटर के दायरे अंदर हैं उसे तत्काल एक सप्ताह के अंदर स्थानांतरित की जाए एवं जबलपुर शहर में जितनी भी शराब दुकान है उन सभी को आबकारी नीति के अनुसार चिन्हित कर उन्हें स्थानांतरित किया जाए। इस दौरान शिवसेना के पदाधिकारी ने आबकारी अधिकारी को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जबलपुर शहर में सुबह 8:30 के पहले शराब दुकान संचालित होती है और शराब दुकान के आसपास खुले में शराब परोसते हुए पाए जाते हैं तो शिवसेना और आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर शिवसेना के राज्य उप प्रमुख शैलेंद्र बारी , महानगर प्रमुख मुकेश सराठे ,जिला प्रमुख शेलू पटेल (सुजीत) गजानंद गुप्ता ,सुधीर ताम्रकार ,विकाश सराठे, भवानी शंकर सतनामी , लल्लू साहू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सिपाही पर लगाए घूसखोरी के आरोप, बाद में माँगी माफ़ी

जबलपुर, नवभारत। सोशल मीडिया पर वायरल होते एक वीडियो ने भारतीय रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। दरअसल इन दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो जो गोपाल सिंह चंदेल का है, खूब वायरल हो रहा है। इसमें रेलवे सुरक्षा बल के सिपाही पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं। वीडियो में गोपाल सिंह ने सिपाही पर गंभीर आरोप लगाते हुए वर्दी को कटघरे में खड़ा कर दिया है। वही आरपीएफ के पोस्ट प्रभारी का कहना है कि पिछले दस दिनों से चल रही सघन कार्यवाही से परेशान होकर गोपाल सिंह ने ऐसे आरोप सिपाही पर लगाए हैं। पोस्ट प्रभारी ने आगे बताया कि शराब के नशे में बनाए गए इस वीडियो पर गोपाल सिंह ने माफ़ी माँगते हुए एक दूसरा वीडियो भी शेयर किया है। अब सच क्या है यह जाँच का विषय है। बहरहाल अभी तो वर्दी और वेंडर्स आमने सामने हो गए है।

अनुरोध पटेरिया को मातृ शोक

नवभारत,जबलपुर। हरिभूमि के यूनिट हैड अनुरोध पटेरिया की माता श्रीमती भानु देवी पटेरिया पत्नी स्वर्गीय जगदीश प्रसाद पटेरिया निवासी मोहल्ला बेनी सागर,पन्ना का जबलपुर में स्वर्गवास हो गया है। वे अपने पीछे पुत्र अरूण पटेरिया, अनिल पटेरिया, अनुरोध पटेरिया एवं पुत्री निशा अवस्थी सहित भरा पूरा परिवार को छोड़ गयी हैं। श्रीमती पटेरिया पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं तथा उनका जबलपुर में निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। श्रीमती पटेरिया के निधन पर श्रमजीवी पत्रकार परिषद् के वरिष्ठ पदाधिकारियों व हरिभूमि परिवार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने एवं दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देने की ईश्वर से प्रार्थना की है। अंतिम यात्रा निवास स्थान बेनीसागर मोहल्ला से शनिवार को प्रात: 10 बजे संपन्न हुई और पन्ना स्थित धर्म सागर मुक्तितधाम में उनकी अंत्येष्टि की गई।

अवमानना याचिका का निराकरण होने के बावजूद महिला रजिस्ट्रार को गिरफ्तार कर किया पेश

जबलपुर। अवमानना याचिका का निराकरण होने के बावजूद भी पुलिस के द्वारा महिला रजिस्ट्रार को गिरफ्तार कर पेश किया गया। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक मिश्रा ने सुनवाई के दौरान पाया कि पूर्व में महिला रजिस्ट्रार के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया गया था। कोर्ट के सामने जबरदस्ती पेश करने के निर्देश जारी नहीं किये गये थे। हाईकोर्ट ने महिला सब इंस्पेक्टर तथा एसडीओपी चित्रकूट को व्यक्तिगत रूप से तलब किया गया था। पुलिस अधिकारियों की तरफ से बताया गया कि महिला रजिस्ट्रार ने बेल बॉन्ड नहीं भरा है। उनकी तरफ से हलफनामा पेश करने समय प्रदान करने का आग्रह किया गया। एकलपीठ ने आग्रह को स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई 13 मई को निर्धारित करते हुए दोनों पुलिस अधिकारी को सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने के आदेश जारी किये। महात्मा गांधी ग्रामोदय यूनिवर्सिटी से सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर डॉ प्रमिला सिंह की तरफ से देयक का भुगतान नहीं किये जाने के संबंध में हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट ने दिसम्बर 2024 में याचिका का निराकरण विश्वविद्यालय प्रशासन को देयकों का भुगतान करने निर्देश जारी किये थे। आदेश का पालन नहीं होने के कारण याचिकाकर्ता की तरफ से अवमानना याचिका दायर की गयी थी। अवमानना याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट को बताया गया था कि याचिकाकर्ता को सेवानिवृत्त हुए सात साल हो गये है परंतु सेवा देयकों का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। हाईकोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए रजिस्ट्रार नीरजा नामदेव के खिलाफ 25 हजार रुपये का जमानती वारंट सतना पुलिस अधीक्षक के माध्यम से जारी किया था।

15 वर्ष पुराने 109 यात्री वाहनों के परमिट निलंबित

जबलपुर। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने जबलपुर संभाग के अंतर्गत संचालित 15 वर्ष पुराने 109 यात्री वाहनों के स्थाई अनुज्ञापत्रों को तत्काल प्रभाव से तीन माह के लिए निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा पूर्व में 215 वाहनों के मालिकों को नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन बार-बार निर्देश के बाद भी 109 वाहन स्वामियों ने पुराने वाहनों के स्थान पर नए वाहन प्रतिस्थापित नहीं किए। इन निलंबित परमिटों में जबलपुर जिले के 38, नरसिंहपुर के 9, बालाघाट के 6, छिंदवाड़ा के 9, सिवनी के 09, डिंडोरी के 12, कटनी के 14 और मंडला जिले के 12 वाहन शामिल हैं। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यदि तीन माह की निलंबन अवधि के दौरान नए वाहन का प्रतिस्थापन नहीं कराया गया, तो इन सभी स्थाई अनुज्ञापत्रों को निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही, आरटीओ और जिला परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि यदि निलंबन अवधि में इन पुराने वाहनों का संचालन पाया जाता है तो उन्हें तुरंत जब्त किया जाए।

कार्य में लापरवाही पर पासपोर्ट प्रभारी समेत 5 रीडर सस्पेंड

जबलपुर। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय नेकार्यों में लापरवाही बरतने पर पासपोर्ट शाखा की प्रभारी सीमा इंगोले सहित पांच रीडरों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। सूत्रों के अनुसार पासपोर्ट सत्यापन के कार्यों में लगातार अत्यधिक लापरवाही बरती जा रही थी । पासपोर्ट सत्यापन के कई मामले लंबे समय से लंबित पड़े थे, जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पासपोर्ट सत्यापन के कार्यों में बरती जा रही लापरवाही की शिकायतें भी कप्तान तक पहुंच रही थी ।बार-बार निर्देशों के बावजूद कार्यों में सुधार न होने और फाइलों के अटके होने पर एसपी ने विभागीय कार्रवाई की है। एक साथ आधा दर्जन पुलिस कर्मियों पर गिरी इस गाज के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। शासकीय कार्यों में ढिलाई और जनता से जुड़े मामलों में देरी पर हुई निलंबन की कार्रवाई के बाद सभी कर्मियों के खिलाफ अब विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई